प्रादेशिक समाचार
दिनांक–31.08.2024 (सुबह 08:30 बजे)

मुख्य समाचार

1. भाजपा में शामिल होते ही चंपाई सोरेन ने बांग्लादे□ी घुसपैठ खत्म करने का लिया संकल्प, कहा–भाजपा ही कर सकती है नये झारखंड का निर्माण।
2. झारखंड हाईकोर्ट ने कहा–राज्य में चल रहा है आदिवासियों के धर्मांतरण का खेल, केन्द्र और राज्य सरकार को जवाब दाखिल करने का दिया आखिरी मौका।
3. टेरर फंडिंग मामले में एनआईए ने चार राज्यों में की छापेमारी, उत्तर भारत में नक्सली संगठन को बढ़ावा देने के लिए झारखंड से फंडिंग होने का हुआ खुलासा।
4. उत्पाद सिपाही भर्ती के लिए पलामू और गिरिडीह में आयोजित दौड़ में चार अभ्यर्थियों की मौत, दर्जनों हुए बेहोश, अस्पातलों में चल रहा है इलाज।
5. पैरालंपिक खेलों के दूसरे दिन भारत ने चार पदक जीते, निशानेबाजी में अवनी लेखरा ने स्वर्ण, मनीष नरवाल ने रजत, मोना अग्रवाल और प्रीति पाल ने कांस्य पदक अपने नाम किया।

****

पूर्व मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन ने भाजपा में शामिल होते ही घुसपैठ के मामले पर अक्रामक रुख अख्तियार कर लिया है। उन्होंने संताल परगना में बांग्लादेशी घुसपैठ रोकने का संकल्प लेते हुए कहा भाजपा ही नये झारखंड का निर्माण कर सकती है।

श्री सोरेन कांग्रेस पार्टी के खिलाफ हमला बोला। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने हमेशा आदिवासियों के हितों को कुचलने का काम किया है।

****

इससे पहले झारखंड भाजपा के चुनाव प्रभारी शिवराज सिंह चौहान ने आरोप लगाया कि झारखंड के निर्माण के लिए अपनी जवानी कुर्बान करने वाले और झामुमो को सींचने वाले चंपाई सोरेन को हेमंत सोरेन ने अपमानित करने का काम किया है।

****

चंपाई सोरेन के भाजपा में शामिल होने पर पूर्व केन्द्रीय मंत्री और पार्टी के वरिष्ठ नेता अर्जुन मुंडा ने खुशी जाहिर की है। उन्होंने कहा कि कोई आंदोलनकारी अपमान का घूंट पीकर कहीं नही रह सकता। श्री मुंडा ने कहा कि श्री सोरेन के आने से भाजपा को सांगठनिक मजबूती मिलेगी।

****

झारखंड हाईकोर्ट ने राज्य में आदिवासियों का धर्मांतरण रोकने के मामले में सरकार की ओर से जवाब दाखिल नहीं किये जाने पर नाराजगी जतायी है। कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश सुजीत नारायण प्रसाद और न्यायाधीश एके राय की खंडपीठ ने इस मामले में मौखिक टिप्पणी करते हुए कहा कि झारखंड में घुसपैठ के जरिये आदिवासियों के धर्मांतरण का खेल हो रहा है और सरकारें चुप हैं। अदालत ने इस मामले में केन्द्र और राज्य सरकार को जवाब दाखिल करने का आखिरी मौका देते हुए कहा कि जवाब नहीं देने पर कोर्ट की ओर से जुर्माना भी लगाया जा सकता है। मामले की अगली सुनवाई पांच सितंबर को होगी।

****

राष्ट्रीय जांच एजेंसी–एनआईए ने नक्सलियों के टेरर फंडिंग मामले में चार राज्यों दिल्ली, हरियाणा, पंजाब और उत्तर प्रदेश में नौ स्थानों पर संदिग्धों के ठिकानों पर छापेमारी की। छापेमारी में कई डिजिटिल उपकरण और दस्तावेज बरामद किये गये हैं। एजेंसी ने खुलासा किया है कि उत्तर भारत में नक्सली संगठन को बढ़ावा देने के लिए झारखंड से फंडिंग हो रही थी।

****

राज्य में उत्पाद सिपाही भर्ती के लिए चल रही दौड़ में सात दर्जन से अधिक अभ्यर्थी बेहोश हो गये। इनमें चार की मौत हो गयी। तीन अभ्यर्थियों की मौत पलामू में हुई है जबकि एक की मौत गिरिडीह में हुई। हमारे संवाददाता ने बताया कि पलामू जिले में 27 अगस्त से चल रही दौड़ में अब तक छह दर्जन से अधिक अभ्यर्थी बेहोश हुए हैं।

****

पेट्रोल– डीजल में वैट कम करने, वैट रिटर्न भरने की अनिवार्यता खत्म करने, सरकारी बकाया का भुगतान की मांग को लेकर दो सितंबर को झारखंड पेट्रोलियम डीलर्स एसोसिएशन की आहूत एक दिवसीय बंद स्थगित कर दी गई है। यह जानकारी रांची में संगठन के अध्यक्ष अशोक सिंह ने दी।

****

पेरिस में चले रहे पैरालंपिक खेलों में भारत की पदक की उम्मीदें आज तीसरे दिन भी निशानेबाजों पर टिकी हुई हैं। आज बैडमिंटन और तीरंदाजी के भी कई मुकाबले होंगे।

****

और अब अखबारों की सुर्खियां

रांची से प्रकाशित सभी प्रमुख अखबारों ने पूर्व मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन के भाजपा में शामिल होने की खबर को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

दैनिक भास्कर के शब्द हैं–चंपाई अब भाजपाई।

हिन्दुस्तान लिखता है–चंपाई हुए भाजपा के, कहा–झारखंड में खिलेगा कमल।

प्रभात खबर ने चंपाई सोरेन के हवाले से लिखा है–जिस झामुमो को खून–पसीना से सींचा, वहां मुझे अपमानित किया गया।

दैनिक जागरण ने रामदास सोरेन के हेमंत मंत्रिमंडल में शामिल होने की खबर को पहले पन्ने पर स्थान दिया।

रांची एक्सप्रेस ने मुख्यमंत्री के हवाले से लिखा है–राज्य सरकार ने पिछले साढ़े चार वर्षों में राज्य हित में कई अहम निर्णय लिये।

अंग्रेजी अखबार द टाइम्स ऑफ इंडिया और हिन्दुस्तान टाइम्स ने पेरिस में चले रहे पैरालंपिक खेलों में भारत की शानदार शुरुआत की खबर को सुर्खी बनायी है।

****